**भारतीय रेल**

# अखिल भारतीय रेलवे नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र

**डी.रे.का./वाराणसी-221004**

पी.सी.डी.ओ

अगस्त माह में नागरिक सुरक्षा संगठन ने जिन महत्वपूर्ण कार्यो का निष्पादन किया वे निम्नानुसार है-

**1. प्रशिक्षण कार्यक्रम-**

i. दिनांक 07.08.2017 से 12.08.2017 तक “बाढ़, चक्रवात एवं भूकंप प्रबंधन पाठ्यक्रम” चलाया गया, जिसमें विभिन्न रेलों से कुल 9 सदस्य सम्मिलित हुए।






ii. स्थानीय स्तर पर नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के तहत रिफ्रेशेर पाठ्यक्रम के रूप में दिनांक 31.07.17 से 05.08.17 तक “सामान्य नागरिक सुरक्षा” पाठ्यक्रम चलाया गया, जिसमें कुल 29 सदस्य सम्मिलित होकर प्रशिक्षण लिया ।

**2. स्वतंत्रता दिवस समारोह-**

71 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में संगठन की परेड टुकड़ी में 30+1 अभ्यास एवं प्रदर्शन में दिनांक 10.08.17 से 15.08.17 तक भाग लिया तथा सुरक्षा व्यवस्था में 40 सदस्यों ने अपना योगदान प्रदान किया। इस कार्यक्रम में कुल 71 सदस्यों ने अपनी सेवा दी।





**3. वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-**

i. डीरेका नागरिक सुरक्षा संगठन का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-2017 दमन एवं सूरत में स्थानीय रेलवे पश्चिम रेलवे ना.सु. दल के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें कुल 50 सदस्यों ने सहभागिता की। शिविर का शुभारम्भ दिनांक 22.08.16 को मुंबई सेंट्रल स्टेशन परिसर मे सुरक्षा ध्वजोत्तोलन, परेड निरीक्षण एवं शपथ ग्रहण के साथ मुख्य अतिथि वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी महोदय द्वारा किया गया।






ii. वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का ना.सु. प्रदर्शन मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर मुंबई सेंट्रल मे दिनांक 23.08.17 को वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी महोदय के मुख्य आतिथ्य एवं अनेक गण्यमान्य अधिकारियों यथा मण्डल संरक्षा अधिकारी, मण्डल उप संरक्षा अधिकारी आदि की विशिष्ट उपस्थिति में परेड की सलामी, ध्वजोत्तोलन एवं आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा के उपायों के विविध प्रदर्शन यथा-अग्निशमन, बहुमंजिलें भवन से बचाव कार्य, प्रथम उपचार तथा प्रभावितों को उचित स्थान पर पॅहुचाने का प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया।






iii. वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सूरत स्टेशन परिसर में दिनांक 24.08.17 को श्री सी. आर. गरुण जी (ए.आर.ओ. सूरत)  के मुख्य आतिथ्य एवं अनेक गण्यमान्य अधिकारियों की विशिष्ट उपस्थिति में परेड की सलामी घ्वजोत्तोलन एवं आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा के उपायों के विविध प्रदर्शन यथा- अग्निशमन, बहुमंजिलें भवन से बचाव कार्य, प्रथम उपचार तथा प्रभावितों को उचित स्थान पर पॅहुचाने का सजीव प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। और कैंम्प फ़ायर कार्यक्रम के तहत कई संदेशो का प्रचार - प्रसार किया ।





સિવિલ ડિફેન્સ

રેલવે સ્ટેશન ખાતે ટ્રાફિક પોલીસ કર્મિઓ દ્વારા સિવિલ ડિફેન્સનો કાર્યક્રમનો આયોજન કરવામાં આવ્યું હતું. જે તસવીરમાં દૃશ્યમાન થાય છે.


आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

कुल 18 पेज | मूल्य ₹ 4.00 | वर्ष 1, अंक 117

सूरत, शुक्रवार, 25 अगस्त, 2017 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष-4, 2074

## स्टेशन पर आग लगते ही मची अफरा-तफरी, यात्रियों को सुरक्षित बचाया

सिटी रिपोर्टर | सूरत

गुरुवार की शाम लगभग चार बजे सूरत स्टेशन पर अचानक सायरन बजने से परिसर में अफरा-तफरी मच गई। लोग कुछ समझ पाते तब तक आग की लपटें परिसर में धू-धू कर निकलने लगीं। कुछ लोग इसकी चपेट में भी आ गए, लेकिन तब तक सिविल डिफेंस की टीम ने मुस्तैदी के साथ लोगों का बचाव शुरू कर दिया। दरअसल गुरुवार को वाराणसी की डीजल लोकोमोटिव वर्कशॉप सिविल डिफेन्स आर्गेनाइजेशन की टीम सूरत रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन सेवा के लिए लाइव डेमो का काम कर रही थी। सिविल डिफेंस की टीम ने अचानक यह पूरा ऑपरेशन शुरू किया, लोग हतप्रभ रह गए। कुछ समय बाद लोगों ने समझा कि यह मॉकड्रिल है।

### मॉकड्रिल में रस्सियों के सहारे सुरक्षा टीम ने घायलों को नीचे उतारा

डीएलडब्ल्यू बनारस सीडीओ के चीफ वार्डन नरेंद्र मिश्र और सीनियर सिविल डिफेन्स इंस्ट्रक्टर एबी मिश्रा के नेतृत्व में 50 सदस्यीय टीम ने क्षेत्रीय रेल अधिकारी सीआर गरुड के साथ परेड कर लाइव डेमो की शुरुआत की। पहले चरण में इमारत में आग से जख्मी यात्रियों को सीढ़ियों से बाहर निकाला। पहले महले से रस्सियों के सहारे घायलों को सुरक्षित नीचे उतारा गया। उसके बाद दूसरे चरण में दिखाया गया कि बाहर बड़ा हमला हुआ है लोग जख्मी है ऐसे में उन्हें सुरक्षित तरीके से एम्बुलेंस तक पहुंचाया।



iv. दिनांक 26.08.17 को सूरत स्टेशन परिसर पर श्री सी. आर. गरुण जी (ए.आर.ओ. सूरत) एवं श्री सी. एम. खटीक जी (स्टेशन अधीक्षक) के नेतृत्व में 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत' अभियान के तहत एक रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया, एवं सभी प्लैटफ़ार्म की सफाई की गयी ।






सीडीओ टीम ने सूरत स्टेशन पर दो घंटे चलाया अभियान

डीएलडब्ल्यू की सिविल डिफेंस टीम ने सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश।

**सूरत** | डीजल लोकोमोटिव वर्कशॉप(डीएलडब्ल्यू) वाराणसी की सिविल डिफेन्स ऑर्गनाइजेशन(सीडीओ) इन दिनों सूरत स्टेशन के दौरे पर है। शनिवार को सीडीओ की 50 सदस्यीय टीम ने स्टेशन परिसर में सुबह 11 बजे स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में सूरत स्टेशन के एआरओ सीआर गरुड़ समेत कई अधिकारियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि भारतीय रेल इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। जिसके तहत विभिन्न स्टेशनों पर कई तरह के जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सूरत स्टेशन पर सीडीओ ने साफ-सफाई कर आने जाने वाले यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सीडीओ के इंस्ट्रक्टर एबी मिश्रा ने बताया कि इस अभियान में उनके 50 वालेंटियर्स ने हिस्सा लिया और स्टेशन के चारो प्लेटफार्म और बाहरी परिसर समेत दोनों तरफ पार्किंग में सफाई की।

**4. स्वच्छता कार्यक्रम-**

दिनांक 16.08.17 को स्थानीय सूर्य सरोवर पर स्वच्छता अभियान चलाकर सरोवर के चारो ओर घाटों की सफाई की गई, जिसमें ना 52 संगठन के कुल .सु.सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया ।



राष्ट्रीय सहारा
दि०-17.08.17

डीरेका में स्वच्छता पखवारा शुरू

**वाराणसी**। रेल मंत्रालय तथा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के संयुक्त दिशा-निर्देशन में सम्पूर्ण भारतीय रेल में 16 से 31 अगस्त तक 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत स्वच्छता पखवाड़ा' आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को डीरेका नागरिक सुरक्षा संगठन ने सूर्य सरोवर में स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ किय गया। नितिन मेहरोत्रा, नियंत्रक एवं बी.एल.नाग, उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा के नेतृत्व में पन्ना लाल, उप मुख्य इंजीनियर, जितेन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त, कमलेश्वर सिंह, सहायक सुरक्षा आयुक्त सहित बड़ी संख्या में नागरिक सुरक्षा के सदस्यों ने सूर्य सरोवर के चारों ओर स्वच्छता अभियान में योगदान दिया।



हिन्दुस्तान
दि०-17-08-17

स्वच्छता पखवाड़ा की हुई शुरुआत

**वाराणसी**। डीरेका में बुधवार को नागरिक सुरक्षा संगठन ने सूर्य सरोवर में सफाई कर स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया। द्यस्वच्छ रेल स्वच्छ भारत - स्वच्छता पखवाड़ाद्ध के तहत सरोवर तथा उसके आसपास सफाई की गई। रेल मंत्रालय तथा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की ओर से 16 से 31 अगस्त तक यह पखवाड़ा चलेगा।

सफाई अभियान में नागरिक सुरक्षा के नियंत्रक नितिन मेहरोत्रा और उप नियंत्रक बीएल नाग के नेतृत्व में पन्ना लाल, जितेन्द्र श्रीवास्तव, कमलेश्वर सिंह, सहायक सुरक्षा आयुक्त सहित आरपीएफ के जवान, कर्मचारी रहे।

**5. अन्य कार्यक्रम-**

i. हरित डीरेका कार्यक्रम के तहत ना.सु. संगठन के 58 सदस्यों द्वारा स्थानीय डीरेका टैगोर पार्क में अर्जुन एवं सागौन के 400 पौधों का रोपण डीरेका के उप महाप्रबंधक एवं समस्त वरि.अधिकारियों की उपस्थिति में किया।






ii. नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों द्वारा दिनांक 09.08.17 को पश्चिमी उपनगर पानी टंकी सं 03 के पास कुल 250 “पौध रोपण” किया गया। जिसमें नागरिक सुरक्षा के कुल 48 सदस्य सम्मिलित हुए।





iii. नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों द्वारा दिनांक 22.08.2017 से 24.08.2017 तक डीरेका प्रेक्षागृह मे आयोजित अखिल रेल हिन्दी नाट्योत्स्व कार्यक्रम मे सुरक्षा सेवा मे मदद की ।